राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

नर्सिंग दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 12 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने नर्सिंग दिवस पर प्रदेश के सभी नर्सिंगकर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि नर्सिंगकर्मी सेवा के पर्याय होते हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौर में नर्सिंगकर्मियों ने सेवा का जो जज्बा दिखाया है, वह प्रशंसनीय है, सराहनीय है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सभी नर्सिंगकर्मियों को साधुवाद देते हुए कहा है कि वे इसी तरह से जुटे रहे तो शीघ्र ही कोरोना को हम मात दे सकेंगे।

राज्यपाल की संवेदना

जयपुर,12 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने,उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री उपेंद्र शुक्ल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि ''राजनैतिक जीवन मे हमने कई वर्ष साथ में काम किया। स्वर्गीय शुक्ल कुशल जनप्रतिनिधि थे। उन्होंने जीवन भर जनसेवा की। इस दुःख की घडी में मैं संवदेना व्यक्त करता हूॅ।''

राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

—–

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल